**Ministry of Home Affairs-Major Achievements, significant Development and important events for the month of March, 2024.**

Union Home Secretary chaired a meeting of Sub-Committee of National Executive Committee (SC-NEC) on 05.03.2024 to consider the Recovery and Reconstruction proposal of Himachal Pradesh for damages occurred in the State during Monsoon Season Disaster-2023 and a meeting on 15.03.2024 to consider the reports of Inter-Ministerial Central Teams (IMCTs) on cyclonic storm "Michaung" of 2023 in Andhra Pradesh and Tamil Nadu and flash flood/ flood, landslides, cloudburst during 2023, in Assam, Sikkim, Tamil Nadu.

2. On 06.03.2024, Union Home Secretary held a meeting with H.E. Mr. Freedy Roosement, Director General, Immigration Office Belgian Ministry of Home Affairs and matters of mutual interest were discussed. Union Home Secretary held a meeting on 8.3.04 with Shri Indra Mani Pandey, Secretary General, BIMSTEC and discussed matters concerning security cooperation etc. among BIMSTEC countries.

3. H. E. Mr. Alex Ellis, British High Commissioner to India met Union Home Secretary on 20.03.2024 as a farewell call as his tenure is ending. Matters of mutual concerns including Migration and Mobility Partnership, Criminal Records sharing, Illegal Migration, Extradition etc. were discussed. On 26.03.2024, Union Home Secretary held a meeting with H.E. Mr. Herve' Delphin, Ambassador of the European Union to India. Matters concerning our security cooperation including Cyber dialogue, Migration and Mobility, Counter-Terrorism dialogue, working Arrangement between CBI and Europol, Trade and Investment etc. were discussed.

4. NOC has been issued for changing the name of 8 Railway stations viz.'Kasimpur Halt' as 'Jais City', 'Jais City' as 'Guru Gorakhnath Dham', Bani' as 'Swami Paramhans', 'Misrauli' as 'Maa Kalikan Dham', 'Nihalgarh' as 'Maharaja Bijli Pasi', 'Akbarganj' as 'Maa Ahorwa Bhawani Dham', Warisganj' as 'Amar Shahid Bhale Sultan' and 'Fursatganj' as Tapeshwarnath Dham' Railway Station in Amethi District, Uttar Pradesh.

5. 2nd Meeting of COSAPH to review Anti-Piracy and Hijacking at Sea and contingency plans for security related incidents in maritime domain was held under Special Secretary (IS) on 01.03.2024. Further, a meeting on 06.03.2024 was also held under SS(IS) to discuss the issues reg. Cybercrime and Cyber Slavery targeting India from Southeast Asia.

6. meeting held on 11.03.2024 under DG(Awards) with the representatives of Andhra Pradesh and Telangana and the issue of division of AP Bhawan stands resolved.

7. An International Experience Sharing Conclave on BB- PPDR Network was held on 13.03.2024 in Vigyan Bhawan, New Delhi. The conclave was attended by concerned Ministries of Govt. of India, State Govts/UTs & leading International Organizations like the Critical Communication Association (TCCA), Finland, FirstNet USA, 3GPP, ITU-APT, and prominent OEMs like Samsung, Nokia, and Ericsson etc.

*****

# गृह मंत्रालय - मार्च, 2024 की प्रमुख उपलब्धियां, उल्लेखनीय प्रगति और महत्वपूर्ण घटनाएं।

केंद्रीय गृह सचिव द्वारा मानसून मौसम आपदा-2023 के दौरान हिमाचल प्रदेश में हुई क्षति की बहाली और पुनर्निर्माण प्रस्ताव पर विचार करने के लिए 05.03.2024 को राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति (एससी-एनईसी) तथा आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में 2023 के चक्रवाती तूफान 'मिचौंग' तथा 2023 के दौरान असम, सिक्किम, तमिलनाडु में आकस्मिक बाढ़/बाढ़, भूस्खलन, बादल फटने के संबंध में अंतर मंत्रालयी केन्द्रीय टीमों (आईएमसीटी) की रिपोर्टों पर विचार करने के लिए 15.03.2024 को एक बैठक की अध्यक्षता की गई।

2. 06.03.2024 को, केंद्रीय गृह सचिव ने श्री फ्रेडी रूसमेंट, माननीय महानिदेशक, आप्रवासन कार्यालय, बेल्जियम गृह मंत्रालय के साथ एक बैठक की और उनसे आपसी हित के मामलों पर चर्चा की तथा बिम्सटेक के महासचिव श्री इंद्र मणि पांडेय के साथ 8.3.2024 को एक बैठक की और बिम्सटेक देशों के बीच सुरक्षा सहयोग आदि से संबंधित मामलों पर चर्चा की।

3. श्री एलेक्स एलिस, भारत में माननीय ब्रिटिश उच्चायुक्त ने 20.03.2024 को विदाई भेंट के रूप में केंद्रीय गृह सचिव से मुलाकात की क्योंकि उनका कार्यकाल समाप्त हो रहा है | प्रवासन और मोबिलिटी पार्टनरशिप, आपराधिक रिकॉर्ड आदान-प्रदान, अवैध प्रवासन, प्रत्यर्पण आदि से संबंधित मामलों पर चर्चा की गई। 26.03.2024 को केंद्रीय गृह सचिव ने भारत में यूरोपीय संघ के माननीय राजदूत श्री हर्वे' डेल्फिन, के साथ बैठक की जिसमे साइबर संवाद, प्रवासन और मोबिलिटी, आतंकरोधी वार्ता, सीबीआई और यूरोपोल के बीच कार्य संबंधी व्यवस्था, व्यापार और निवेश आदि सहित हमारे सुरक्षा सहयोग से संबंधित मामलों पर चर्चा की गई।

4. 8 रेलवे स्टेशनों जैसे 'कासीमपुर हाल्ट' का नाम 'जैस सिटी', 'जैस सिटी' का 'गुरु गोरखनाथ धाम', बाणी' का 'स्वामी परमहंस', 'मिसरौली' का 'मां कालिकन धाम', 'निहालगढ़' का 'महाराजा बिजली पासी', 'अकबरगंज' का 'मा अहोर्वा भवानी धाम', वारिसगंज' का 'अमर शहीद भाले सुल्तान' और अमेठी जिला, उत्तर प्रदेश के 'फुरसतगंज' का तपेश्वरनाथ धाम रेलवे स्टेशन नाम बदलने के लिए एनओसी जारी की गई है।

5. 01.03.2024 को विशेष सचिव (आईएस) के अधीन समुद्र में समुद्री डकैती रोधी और अपहरण और समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी घटनाओं की आकस्मिक योजनाओं की समीक्षा के लिए सीओएसएपीएच की दूसरी बैठक का आयोजन किया गया। इसके अलावा, दक्षिण पूर्व एशिया से भारत को लक्षित करने वाले साइबर अपराध और साइबर स्लेवरी से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए विशेष सचिव (आईएस) के अधीन 06.03.2024 को एक बैठक भी आयोजित की गई।

6. दिनांक 11.03.2024 को डीजी (अवार्डस) की अध्यक्षता में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई और आंध्र प्रदेश भवन के विभाजन के मुद्दे का समाधान हुआ ।

7. बीबी-पीपीडीआर नेटवर्क पर 13.03.2024 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में एक अंतरराष्ट्रीय अनुभव विनिमय कॉन्क्लेव आयोजित की गई। कॉन्क्लेव में भारत सरकार के संबंधित मंत्रालयों, राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्रों और क्रिटिकल कम्युनिकेशन एसोसिएशन (टीसीसीए), फिनलैंड, फर्स्टनेट यूएसए, 3जीपीपी, आईटीयू-एपीटी जैसे प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संगठनों और सैमसंग, नोकिया और एरिक्सन आदि जैसे प्रमुख ओईएम ने भाग लिया।

*****